# बरेली के आनंदपुर में जल अर्पण दिवस मनाया गया: ब्लॉक प्रमुख मित्रपाल ने जल संरक्षण की शपथ दिलाई

परशुराम | रामनगर(रामनगर), बरेली
27 दिन पहले



जल अर्पण दिवस मनाया गया।

बरेली की आंवला तहसील क्षेत्र के गांव उदय भानपुर उर्फ आनंदपुर में जल अर्पण दिवस मनाया गया। यह कार्यक्रम रामनगर ब्लॉक के आनंदपुर गांव में पानी की टंकी पर आयोजित किया गया। इसमें रामनगर ब्लॉक प्रमुख मित्रपाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

ब्लॉक प्रमुख मित्रपाल ने इस अवसर पर कहा कि जल ही जीवन है और सभी लोगों को पानी का उपयोग आवश्यकतानुसार ही करना चाहिए। उन्होंने जल संरक्षण के महत्व पर जोर दिया।




इस कार्यक्रम में गांव के प्राथमिक स्कूल के बच्चों और स्थानीय ग्रामीणों ने भाग लिया। ब्लॉक प्रमुख और बच्चों ने मिलकर जल संरक्षण की शपथ ली।

शपथ में कहा गया कि वे पानी बचाने और उसका विवेकपूर्ण उपयोग करने के साथ-साथ जल की हर बूंद का संचयन करेंगे। प्रतिभागियों ने जल शक्ति अभियान 'कैच द रेन' को बढ़ावा देने और पानी को एक अनमोल संपदा मानकर उपयोग करने का संकल्प लिया।

उन्होंने अपने परिवारजनों, मित्रों और पड़ोसियों को भी जल का विवेकपूर्ण उपयोग करने और उसे व्यर्थ न करने के लिए प्रेरित करने की शपथ ली। इस अवसर पर बादाम सिंह, प्रदीप कुमार, रामप्रकाश प्रधान, शिवनेन्द्र, गंगाराम वर्मा, निरंजन मौर्य, ओमप्रकाश पाल सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।